News सिटी चीफ
वर्ष-15, अंक-230
पृष्ठ-8 मूल्य 2 रुपया

**आज का विचार**
उबाल इतना भी ना हो की खून सुख कर उड़ जाए, धैर्य इतना भी ना हो की खून जमे तो खौल भी ना पाए!

# बिहार सिटी चीफ



CITYCHIEFSENDMENEWS@GMAIL.COM
बिहार, सोमवार, 25 नवम्बर 2024
सम्पूर्ण भारत मे चर्चित हिन्दी अखबार

# तेजस्वी यादव ने CM नीतीश पर लगाई आरोपों की झड़ी

## कहा- चाचा जाने क्यों बिदक गए

**पटना.** पूर्व विधायक सतीश कुमार के राजद में शामिल होने के उपलक्ष्य में शनिवार को राजद के प्रदेश कार्यालय में 'बदलो बिहार कार्यकर्ता मिलन समारोह' का आयोजन हुआ। उद्घाटन के बाद विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने झारखंड में जीत का हवाला देते हुए अगले वर्ष बिहार में भी महागठबंधन की जीत का दावा किया। तेजस्वी यादव ने सतीश को बिहार में राजनीतिक परिवर्तन का सूत्रधार बताते हुए उन्हें पुराने साथियों को राजद से जोड़ने का टास्क दिया। साथ ही उन्होंने कहा कि मैं नौजवानों को अपने साथ लाऊंगा।

उल्लेखनीय है कि सतीश तीन बार विधायक रहे हैं। 1994 में उनके द्वारा आयोजित कुर्मी चेतना रैली से बिहार की राजनीति की दिशा ही बदल गई। कार्यकर्ताओं ने आयकर गोलंबर पर ही तेजस्वी का स्वागत किया और वहां से जुलूस के स्वरूप में राजद कार्यालय तक उन्हें लेकर आए। प्रदेश के प्रधान महासचिव रणविजय साहू ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अब्दुल बारी सिद्दीकी, प्रदेश महासचिव प्रमोद राम व प्रदीप मेहता आदि उपस्थित रहे।

**बिहार बदलाव चाहता है**

तेजस्वी ने कहा कि हमारी पार्टी ए-टू-जेड तथा माय और बाप दोनों की पार्टी है। उप चुनाव के परिणाम से परेशान नहीं होना है। बिहार बदलाव चाहता है। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग)



की सत्ता में वापसी नहीं होनी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए तेजस्वी ने कहा कि बिहार को विशेष दर्जा नहीं मिला। बाढ़ में विशेष पैकेज नहीं मिला। डबल इंजन की सरकार में एक भ्रष्टाचार में तो दूसरा अपराध में लिप्त है। महंगाई-बेरोजगारी से जनता त्रस्त है। बिहार की सबसे बड़ी समस्या बेरोजगारी और पलायन है।

**बीजपी पर आरक्षण रोकने का आरोप**

तेजस्वी ने कहा कि अवसर मिलने पर हमने नौकरियां दीं। आरक्षण के दायरे को बढ़ाकर 65 प्रतिशत किया। आरक्षण विरोधी भाजपा के इशारे पर कोर्ट में चुनौती देकर उसे रोक दिया गया। इससे पिछड़ा, अति पिछड़ा, अनुसूचित जाति और जनजाति को 16 प्रतिशत से अधिक का घाटा हो रहा है। आरक्षण में कटौती कतई बर्दाश्त नहीं होगी।

**स्मार्ट मीटर नहीं, स्मार्ट चीटर**

तेजस्वी ने कहा कि प्रदेश में अराजकता की स्थिति है। स्मार्ट मीटर से आर्थिक शोषण हो रहा। यह स्मार्ट मीटर नहीं, स्मार्ट चीटर है। भूमि सर्वेक्षण के बहाने जनता को परेशान किया जा रहा है। हर जगह भ्रष्टाचार का बोलबाला है। राजग सरकार में बने पुल-पुलिया भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रहे।

**चाचा जाने क्यों बिदक गए**

तेजस्वी ने कहा कि विपरीत परिस्थिति में भी हमने नीतियों और सिद्धांतों से कभी समझौता नहीं किया, लेकिन पता नहीं दो-दो बार चाचा हमारे क्यों बिदक गए। जितना हम लोगों ने सम्मान दिया, उतना कोई और नहीं करेगा। भाजपा ने उन्हें हाईजैक कर लिया है।

## संभल की घटना पर भड़के गिरिराज सिंह

# कहा- ये लोकतंत्र पर हमला कांग्रेस पर भी निशाना साधा

**बेगूसराय.** उत्तर प्रदेश के संभल में जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान पथराव की घटना सामने आई है। जामा मस्जिद का सर्वे करने पहुंची टीम पर स्थानीय लोगों ने पथराव शुरू कर दिया। पुलिस ने जब लोगों को रोकने की कोशिश की तो भगदड़ जैसे हालात बन गए। पुलिस ने हवाई फायरिंग कर भीड़ को भगाने का प्रयास किया, इस दौरान दूसरी ओर से भी फायरिंग की गई। हालात पर काबू पाने के लिए पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागे और फिर लाठीचार्ज कर भीड़ को हटाने का प्रयास किया। इस पूरे मामले में केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह की प्रतिक्रिया सामने आई है।

केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने संभल में हुई पत्थरबाजी की घटना प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि संभल में जो एक समुदाय की ओर से हमला किया गया और वो भी सरकारी तंत्र पर, ये हमला सरकारी तंत्र पर नहीं बल्कि भारत के लोकतंत्र और देश के कानून पर है। भारत के कानून पर उन लोगों को भरोसा नहीं है।

**राहुल गांधी पर साधा निशाना**

संभल में हुई घटना को लेकर केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने राहुल गांधी पर भी निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में



कांग्रेस ने मुसलमानों का इस्तेमाल किया और अब हर गलत चीज का समर्थन कर रहे हैं। देश अब ऐसे हमले बर्दाश्त नहीं करेगा।

**पूरा हुआ सर्वे**

संभल में हुई घटना पर एसपी कृष्ण कुमार का बयान सामने आया है, उनका कहना है कि हंगामा सुनियोजित था। हंगामा करने वालों की पहचान की जा रही है।

वहीं पूरे इलाके में ड्रोन से भी नजर रखी जा रही है। कड़ी सुरक्षा के बीच सर्वे का काम भी पूरा

## तेजस्वी के बयान पर बीजेपी का पलटवार

# इतनी हार मिली है कि उस पीड़ा सह नहीं पा रहे

**पटना.** बिहार में विधानसभा उपचुनावों में एनडीए की जीत पर तेजस्वी यादव के बयान पर पलटवार करते हुए बिहार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने कहा कि लालू जी को नीतीश कुमार जी के नेतृत्व में इतनी हार मिली है कि उस पीड़ा को सह नहीं पा रहे हैं।

**सिर्फ बिहार को लूटने का काम किया**

डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने तेजस्वी के बयान से जुड़े सवाल पर कहा, लालू जी को नीतीश कुमार जी के नेतृत्व में इतनी हार मिली है कि उस पीड़ा को सह नहीं पा रहे हैं।

यहां मोदी और नीतीश दोनों की जोड़ी है। NDA इसी तरह 2005 से लगातार RJD को हराती रही है और आगे भी हराती रहेगी।

लालू प्रसाद जी के परिवार के पास कोई एजेंडा नहीं है। उनके परिवार के लोगों ने सिर्फ बिहार को लूटने का काम किया है।



**महागठबंधन के हाथ से तीन सीटें फिसलीं**

बिहार में चार विधानसभा सीटों पर उपचुनाव हुए थे। इनमें से इमामगंज सीट पर एनडीए ने अपना कब्जा बरकरार रखा है जबकि तरारी, रामगढ़ और बेलागंज को 'महागठबंधन' से छीन लिया। इसे बिहार में महागठबंधन के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। क्योंकि अगले साल राय में विधानसभा चुनाव होनेवाले हैं। इस पर कल तेजस्वी ने कहा था कुछ सीट पर हार कोई बड़ी बात नहीं है। हाल के लोकसभा चुनाव में हमने इन विधानसभा क्षेत्रों में बढ़त हासिल की थीज्हम 2025 के विधानसभा चुनाव में बेहतर प्रदर्शन करेंगे और महागठबंधन बिहार में अगली सरकार बनाएगा। हार-जीत चुनाव का हिस्सा है। हम बिल्कुल भी निराश नहीं हैं। हमने एकजुट होकर चुनाव लड़ा।

# रेलवे ट्रैक पर क्षत-विक्षत हालत में मिला शव, एक घंटे तक रुकी रही यह ट्रेन

**मुंगेर.** मुंगेर जिले में जमालपुर-क्यूल रेलखंड पर दशरथपुर रेलवे स्टेशन एवं अभयपुर रेलवे स्टेशन के बीच पोल संख्या 366 /12 रेलवे ट्रैक से रविवार की देर रात्रि पुलिस ने क्षत विक्षत अवस्था में एक युवक का शव बरामद किया है। युवक की मौत किस ट्रेन की चपेट में आने से हुई है इसकी स्पष्ट जानकारी अब तक नहीं हो सकी है। हालांकि घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुटी हुई है। घटना की सूचना के बाद अप लाइन से ट्रेन का परिचालन करवाया गया। वहीं धरहरा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर



अस्पताल मुंगेर भेज दिया है। शव की पहचान नहीं हो पाई है इस दौरान करीब एक घंटा से अधिक अपलाइन जमालपु क्यूल ईएमयू पैसेंजर ट्रेन घटनास्थल के पास रूकी रही। सुबह 5:00 ट्रैक को क्लियर करवाया गया। शव को देखकर अनुमान लगाया जा रहा है कि मृतक की उम्र 35 वर्ष के आसपास होगी। धरहरा थाना अध्यक्ष धीरेंद्र कुमार पाठक ने बताया कि रेल पुलिस के द्वारा 3:00 बजे सूचना घटना के बारे में दी गई। सूचना मिलते ही धरहरा पुलिस मौके पर पहुंची और शव के पहचान में जुट गई। मृतक के सिर एवं शरीर के अन्य हिस्से बुरी तरह से क्षत विक्षत रहने के कारण पहचान नहीं हो पा रही है। उसके पास से मोबाइल एवं अन्य किसी भी प्रकार का कोई साक्ष्य नहीं मिला पाया है। जिस कारण से तत्काल शव की पहचान नहीं हो पाई है।

**पहचान के लिए आसपास के थानों से मदद**

घटना के संबंध में बताया जाता है कि देर रात्रि 09028 बांद्रा टर्मिनस स्पेशल एक्सप्रेस ट्रेन के चालक ने अभयपुर स्टेशन मास्टर को अदलपुर के पास रेलवे ट्रैक पर एक शव होने की सूचना दी। धरहरा स्टेशन मास्टर ने आरपीएफ को घटना की जानकारी दी। इसके बाद पुलिस भी वहां पहुंची और जांच में जुट गई।

पुलिस हत्या, आत्महत्या और हादसा तीनों एंगल से मामले की जांच कर रही है। शव के पहचान के लिए आसपास के थानों से मदद ली जा रही है।

# सिलेंडर ब्लास्ट में पिता-पुत्र की मौत; रेस्टोरेंट में लगी आग को बुझाने गए थे दोनों, अचानक हुआ ऐसा



**भागलपुर.** भागलपुर के जोकशर थाना इलाके के खरमनचक मोहल्ले में एक रेस्टोरेंट में गैस सिलेंडर ब्लास्ट से पूरा इलाका दहल गया। इसमें पिता-पुत्र की मौत हो गई। दोनों में रेस्टोरेंड में आग बुझाने गए थे। इसी दौरान रसोई गैस सिलेंडर ब्लास्ट कर दिया। धमाका इतना तेज था कि इसकी गूंज करीब एक किमी दूर तक सुनाई पड़ी। रेस्टोरेंट के बगल के मकानों में दरारें आ गई। आग बुझाने गए पिता-पुत्र दूर फेंका गए। पिता की मौत पर ही मौत हो गई जबकि पुत्र को लोगों ने अस्पताल में भर्ती करवाया लेकिन वहां उसने दम तोड़ दिया। मरने वालों की पहचान खरमनचक निवासी किशन कुमार झुनझुनवाला और उसके बेटे कन्हैया कुमार उर्फ प्रसून झुनझुनवाला के रूप में हुई है।

**पिता-पुत्र के पहुंचते ही सिलेंडर में ब्लास्ट हो गया**

बताया जा रहा है कि रेस्टोरेंट में शॉर्ट सर्किट से आग लगने लगी थी। अब ब्लास्ट का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। इसमें दिख रहा है कि वहां गेट खोलकर आग बुझाने जा रहे पित-पुत्र जब गेट के करीब पहुंचे तो गैस सिलेंडर में विस्फोट हो गया। एक शख्स दूर फेंका गया। हादसा इतना भीषण था कि रेस्टोरेंट का मलबा 65 मीटर दूर जाकर गिरा। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। लोगों की भीड़ लग गई।

**आसपास के घरों में दरार आ गई**

इधर, घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की छानबीन शुरूकर दी। पुलिस ने फायर ब्रिगेड की टीम की मदद से आग पर काबू पाया। वहीं मॉर्निंग वॉक पर निकले लोगों ने बताया कि शॉर्ट-सर्किट की वजह से आग लग गई। आग ने गैस सिलेंडर को अपनी जद में ले लिया। धमाके में दो लोगों की मौत हो गई। आसपास के घरों में दरार आ गई। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस और फायरब्रिगेड की टीम आगे की कार्रवाई कर रही है।